तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 22 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


12 सामूहिक योगाभ्यास कर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश


11 बच्चों में भाषाई और गणितीय दक्षता लाने शिक्षक हो ...

## खबर संक्षेप

### सेवा सरकारी समिति प्रांगण कठिया में पौधारोपण



**बेमेतरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला पर्यावरण प्रेमी संगठन ने ग्राम कठिया स्थित सेवा सरकारी समिति प्रांगण में बेल का पौधा लगाया। पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान अतिथि के रुप में डॉक्टर डी .पी. वर्मा, अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ,सचिव गणेश कुमार साहू सदस्य चम्मन निषाद ,छोटू साहूजी, ईश्वरी साहू मौजूद रहे।

### अंचल में नशे का कारोबार जोरों पर

**थानखम्हरिया।** नगर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब एवं गांजा की बिक्री बेरोकटोक जारी है। नगर के अनेक मोहल्लों तथा गांव-गांव में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। गांजा भी बेचा जा रहा है। नशे के सामानों से नाबालिग भी अछूते नहीं हैं। नशे के आदी लोग आये दिन अपराध कर रहे हैं फिर भी पुलिस इन पर मेहरबान बनी हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 1 के कई घरों में शराब की बिक्री अवैध रूप से की जा रही है। यह वार्ड थाना से सौ मीटर की दूरी पर है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 9, 14, 15 में अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है। नाबालिग लड़के रावणभाठा तालाब, माई मंदिर तालाब के पास गांजा की पुड़िया जेब में रखे ग्राहक की तलाश में घूमते रहते हैं। नगर में नाबालिग नशेड़ियों का एक समूह भी है जो आये दिन अपराधिक घटना को अंजाम देता रहता है इन पर भी पुलिस का सख्त शिकंजा नहीं कसा जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा नशे के अवैध कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए गये हैं। साजा विधायक ईश्वर साहू के समक्ष भी जनप्रतिनिधियों द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई है, लेकिन नशे का यह अवैध कारोबार थमने की बजाय दिनों दिन फल फूल रहा है। समस्त गतिविधियों की जानकारी के बावजूद पुलिस विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। समय रहते इस पर रोक नहीं लगाया गया तो नाबालिग लड़कों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

### कृषि महाविद्यालय में किया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**बेमेतरा।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। योग से स्वास्थ्य सुधार एवं शरीर के प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। आज सुबह कृषि महावद्यिालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा योग मुद्राओं का अभ्यास किया गया। योगाभ्यास करने के लिए महाविद्यालय में सुश्री मुस्कान बत्रा उपस्थित हुई थी। जिन्होंने अनुलोन विलोम, हलासन, पदमासन, भद्रासन, शवासन इत्यादि का अभ्यास कराया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने छात्र-छात्राओं को योग की महत्ता से अवगत कराया। इनके अलावा कार्यक्रम में डॉ. टी. डी. साहू, कुंती बंजारे, डॉ. भारती बघेल, प्रतिभा सिंह, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. नूतन सिंह, सुनिता सिंह, डॉ. हरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार बर्मन, रीना कुर्रे एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### आयोजन : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में हुआ जिलास्तरीय कार्यक्रम

# लोगों ने सामूहिक रूप से किया योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने बड़े उत्साह तथा ऊर्जा के शामिल हुए।

■ सांसद बघेल के साथ जनप्रतिनिधियों , अधिकारियों व विद्यार्थियों ने किया योग का अभ्यास

प्रातः 7 बजे से दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर संसदीय क्षेत्र दुर्ग के सांसद विजय बघेल शामिल हुए । सांसद संग सैकड़ों स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के आला अधिकारी सहित कर्मचारियों व नागरिकों ने पद्मासन, ताड़ासन, हलासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, धनुरासन, मकरासन, नौकासन, पवन मुक्तासन, भुजंगासन, शवासन, कपाल भारती, अनुलोम-विलोम जैसे योग के अभ्यास योगगुरु दिलहरन तिवारी एवं उनकी टीम भरत साहू, रानी सिंह तथा कन्हैया पटेल के मार्गदर्शन में किए।

इस अवसर पर विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ ली। योग दिवस के इस आयोजन ने ज़िला बेमेतरा के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और योग को जन-जन तक पहुँचाने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू, जिले के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, समस्त विभाग के अधिकारीगण/कर्मचारी, एवं आये हुये विद्यार्थीयों ने योग के विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया । बेमेतरा जिला मुख्यालय के अलावा सभी जनपद, नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में भी योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और करें योग रहें निरोग का संदेश दिया।








### स्वस्थ रहने के लिए जरूर करें योग : दीपेश

विधायक दिपेश साहू ने सभी को योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग करने के बाद उत्साह, और प्रेरणा शरीर और मन में अपने से आ जाता है। हम सभी ने इसे अभी योग के पश्चात महसूस किया। हमें योग को अपनी जीवन शैली में उतारना है। हम सभी ने आज कुछ समय निकाल कर योग किया इससे हमें मानसिक और शारीरिक स्थिति तनाव मुक्त लग रही है, हम स्वस्थ अनुभव कर रहे हैं। शरीर, तन मन को स्वस्थ रखना चाहें तो, हम सब के लिए योगा अभ्यास जरूरी है। और दुनिया में यदि हम धन की बात करें तो स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। हम स्वस्थ्य रहना चाहतें हैं तो हमें प्रति दिन योगा अभ्यास करना चाहिए।

### जैसे खाने-सोने के लिए समय निकालते हैं, वैसा ही योग के लिए भी अवश्य निकालें

साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि हमें स्वस्थ और निरोग रहने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। जिस प्रकार हम अपने दैनिक जीवन में खाने, सोने और अन्य सभी कार्यों के लिए समय निकालते हैं ऐसे ही हमें योग के लिए भी समय निकालकर योग करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने वसुधैव कुटुम्बकम् के उद्देश्य के साथ देश ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व को निरोगी करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है। श्री साहू ने कहा कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के निरोगी हुए बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

### आज पूरी दुनिया अपना रही योग : शर्मा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उद्बोधन में कहा कि योग मनुष्य को स्वस्थ बनाए रखने का कार्य करता है। योग से मानसिक व शारीरिक दोनों स्वस्थ रहते हैं। योग से मन को शांति मिलती है। योग करने से कई बीमारियां जैसे हृदय रोग, रक्तचाप की समस्या, आदि से छुटकारा प्राप्त कर सकते है। योग की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। सदियों से स्वस्थ तन मन के लिए योगाभ्यास किया जा रहा है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने कहा की योगाचार्य ने हमें आग्रह किया कि हमें रोज योग करना चाहिए, और हमें स्वस्थ रहना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया तो आदमी सुख रहता है तो खाना, रहना सोना काम करना सब अच्छा लगता है । पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए इसके विभिन्न लाभों पर प्रकाश डाला।

### सांसद बघेल ने बताए योग के फायदे

लोकसभा सांसद विजय बघेल ने योग के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि शरीर को चुस्त दुरूस्त और मन को शांत रखने के लिए अब दुनिया भर में काफी लोग योग का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा योग भारत की देन है। दुनियाभर में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आज के दिन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। आप सभी भी इसे नियमित तौर पर अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने योग दिवस के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत 21 जुन 2015 में हुई थी । 11 सितंबर 2014 को जब संयुक्त राष्ट्र का सम्मेलन हुआ था, उस समय भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के समक्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की नीव रखी। तब से अभी तक 21 जून को हम सभी योग दिवस मानते हैं और आज हम सब यहां उपस्थित है। उन्होंने कहा कि अनेक देश में यह आयोजन हो रहा है, करोड़ों लोग आज योग कर रहे हैं।

## माह के अंत तक करवाना होगा राशनकार्डों का नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य विभाग द्वारा जिले में प्रचलित 2 लाख 67 हज़ार 673 राशनकार्डों में से 2 लाख 49 हज़ार 273 (93.93%) राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। वहीं, 18 हज़ार 400 राशनकार्डों का नवीनीकरण होना शेष है। खाद्य विभाग द्वारा आगामी 30 जून 2024 तक राशनकार्ड नवीनीकरण की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिये गए हैं। नवीनीकरण के लिए शेष राशन कार्डधारियों की दुकानवार सूची सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों

■ राशन दुकान या मोबाईल एप से किया जा सकता है नवीनीकरण

▶▶| शेष पेज 11 पर

## नवीन किसान भवन का किया गया लोकार्पण



**साजा।** ग्राम बासिन बुधवारा में नवीन किसान भवन का लोकार्पण एवं सीसी रोड का भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हीरालाल साहू, जिला पंचायत सभापति गोवेंद पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत देवकर के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल सहित परपोड़ी मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानसून ने दी अंचल में दस्तक दिन-रात का तापमान लुढ़का





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मानसून ने अंचल में दस्तक दे दी है । मानसून के पहुंचते ही अब बारिश का दौर शुरू हो गया है । हालांकि बीते दो दिनों से प्री मानसून की बारिश देखने को मिल रही है। लेकिन अब बताया जा रहा है कि अगले 5 दिन हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही अंचल में गरज चमक भी देखने को मिलेगा । मानसून के शुरुआती दौर में हवाओं की तेज चलने की संभावना भी अधिक बताई गई है। वही तापमान में भी मानसून के आते ही कमी आने लगी है। दिन के साथ ही रात का तापमान भी नीचे आया है हालांकि दिन के तापमान में गिरावट अधिक देखी गई है शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री के करीब पहुंच गया है । बारिश की शुरुआती दौड़ होने के चलते अभी हल्की उमस ओर देखने को मिल सकती है। शुक्रवार सुबह से लेकर शाम ओर रात तक बादल छाए रहे। शाम को गुरुवार की तरह बारिश अंचल में होती रही । मानसून के दस्तक देते ही किसान वर्ग अपने खेतों की ओर नजर आए। हालांकि जिले के किसान पहले से ही तैयारियों में जुटे हुए थे। सिर्फ मानसून की दस्तक का इंतजार कर रहे थे। जिले में अब तक 30 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य कोटे से यह तकरीबन 60 से 65 प्रतिशत कम है।

### लगातार आगे बढ़ रहा है मानसून

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून गुरुवार को प्रदेश के मध्य हिस्सों में दस्तक देना शुरू कर चुका है, वहीं दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा अमरावती, गोंदिया, दुर्ग ,रामपुर , मालदा, भागलपुर और रक्सेल है। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है । प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों में मानसून के और अधिक क्षेत्रों में सक्रिय होने की संभावना है । इसी तरह एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तरी पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।

## गलियों में भर जाता है पानी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत मनियारी के एक ऐसा वार्ड है जहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बारिश के दिनों ग्रामीण कीचड़ से परेशान होने को मजबूर हैं। गांव की गलियों में नाली की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में ज्यादा मात्रा में पानी का भराव वार्ड वासियों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। वहीं, वार्ड नंबर 6 कि बात करें तो आलम यह है कि गली की सड़क गड्ढे होने के कारण ज्यादा मात्रा में पानी का भराव हो जाता है। बारिश का पानी सूखने में कम से कम 10 से 15 दिन लग जाते हैं। इतने में ही मौसम परिवर्तन होने पर बीच-बीच में और पानी गिरने से सूख नहीं पाते। इसी तरह बारिश का पानी लंबे समय से जमा होने पर गंदगी व गंभीर बीमारी का खतरा बना रहता है। इसके अलावा कीड़े मकोड़े की गंभीर भय लगा रहता है। इससे इस गली में रहने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रहे है। ग्रामीणों का मानना है कि बारिश व मानसून का हर कोई इंतजार करता है। लेकिन बेरला ब्लॉक के कई ऐसे गांव है जहां पर कीचड़ से परेशान व दुखी चली आ रहे हैं, जिनका निदान नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गांव के जनप्रतिनियों ने समस्या के निदान के लिए कोई पहल नहीं की। ग्रामीण जीवराखन चक्रधारी ने बताया कि वार्ड 6 में निवास करता हूँ जहां बारिश के दिनों में मेरे घर के सामने घुटनों तक पानी भर जाता है। मेरे घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं, जो पानी में खेलने को आतुर हो जाते हैं, जिससे डर लगा रहता है। साथ ही रात्रि में सांप व कीड़े मकोड़े का भय लगा रहता है। मेरे घर कई बार सांप व बिच्छू घुस चुके है। इस गंभीर समस्या से जूझना मेरे लिए मजबूरी बन गई है। गांव के जनप्रतिनियों को इसके बारे में कई बार जानकारी देने के बाद भी व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने बताया कि समस्या की जानकारी नोट कर ली गई है। जल्द ही संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की जाएगी।

■ बेरला जनपद के ग्राम पंचायत मनियारी के वार्ड क्रमांक 6 में समस्या

### पांच हजार रूपए की नकद राशि के साथ दिया जाएगा प्रशस्ति पत्र

# दुर्घटना में तत्काल सहायता पहुंचाने वाले होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आज की चहल-पहल भरी जिन्दगी में सड़क सुरक्षा एक अहम मुद्दा है। आवागमन के साधनों में सड़क परिवहन का भी काफी विकास हुआ है। सड़कों के निर्माण के साथ-साथ यात्रा में जोखिम, यातायात अनावरण आदि बहुत तेजी गति से बढ़े हैं। इससे सड़क दुर्घटनों तथा उनके घायलों व मृतकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है।

■ हर साल राष्ट्रीय स्तर पर 10 चुने हुए नेक व्यक्तियों को मिलेगा 1 लाख रूपए का नकद पुरस्कार

भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा छ.ग. सरकार के द्वारा विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से दुर्घटनों को कम करने का प्रयास किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में आम जनता को प्रोत्साहित करने के लिए एवं घातक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की अपातकालीन स्थिति में उनकी सहायता कर जान बचाने वाले नेक व्यक्तियों के लिए भारत सरकार के पुरस्कार स्वरूप नकद राशि एवं प्रमाण पत्र देने की योजना बनाई है। इस योजना का नाम किसी घातक/जानलेवा वाहन दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद कर उन्हें तत्काल (गोल्डन आवर में) चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हॉस्पिटल/ट्रामा सेंटर तक पहुंचा कर घायल व्यक्तियों के जिन्दगी बचाने वाले नेक व्यक्तियों को सम्मान स्वरूप पुरस्कार देने की योजना है। जो पन्द्रवें वित्त अर्थात 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। इस योजना के तहत जानलेना सड़क दुर्घटना में लोगों की सहायता कर जान बचाने वाले नेक व्यक्तियों को हर घटना के लिए 5000 रूपए नकद प्रोत्साहित राशि दी जायेगी। नगद राशि के साथ-साथ सराहना के लिए प्रमाण-पत्र भी दिया जायेगा।

### ऐसी होगी प्रक्रिया

यह कार्य एक प्रक्रिया के तहत किये जायेंगे, जिनमें जिला स्तर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला परिवहन अधिकारी की भूमिका होगी। जिले स्तर में अनुमोदन के पश्चात नेक व्यक्तियों का विवरण राज्य स्तर पर भेजा जायेगा। जहां नेक व्यक्तियों के दिये गये खाते में ईनाम की राशि सीधे डाल दी जायेगी। नेक व्यक्तियों द्वारा दिये गये सूचना एवं विवरण की जानकारी का उपयोग केवल पुरस्कार के संबंध में ही किया जाएगा। जिन नेक व्यक्तियों द्वारा अपनी पहचान गोपनीय रखी जाएगी, वे उपरोक्त पुरस्कार हेतु पात्र नहीं होंगे। एक व्यक्ति को किसी एक वर्ष में अधिकतम 5 बार ही नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जा सकेगी। इसके अलावा हर साल राष्ट्रीय स्तर पर 10 चुने हुए नेक व्यक्तियों जिन्होंने जानलेवा सड़क दुर्घटना में विषम परिस्थितियों को होते हुए भी लोगों की जान बचाने में मदद की है अर्थात वे 10 नेक व्यक्तियों जिनका चयन भारत सरकार के द्वारा किया जायेगा। उन्हें नई दिल्ली में पुरस्कार स्वरूप एक लाख रूपए नकद के साथ प्रमाण पत्र एवं ट्राफी से सम्मानित किया जायेगा ।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### रेत की रायल्टी से अधिक राशि मिली नीलामी के आवेदन शुल्क से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रेत खदानों से मिलने वाले राजस्व में सरकार को रायल्टी के रूप में 2023-24 में 7 करोड़ 16 लाख रुपए मिले, लेकिन इससे अधिक राशि रेत खदानों की नीलामी के लिए आवेदन शुल्क से मिली है। यह राशि 11 करोड़ 80 लाख रुपए मिली। खनिज विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 में अप्रैल तक की स्थिति में सरकार को रायल्टी के रूप में 7 करोड़ 16 लाख रुपए मिले। नीलामी की राशि 7 करोड़ 84 लाख, डीएमएफ की राशि 7 करोड़ 16 लाख, नीलामी से प्राप्त आवेदन शुल्क के रूप में 11 करोड़ 80 लाख रुपए मिले। इस तरह कुल 33 करोड़ 96 लाख रुपए का राजस्व मिला। 2022-23 में यही राशि 41 करोड़ 30 लाख, 2021-22 में 32करोड़ 12 लाख, 2020-21 में 41 करोड़ 89 लाख, 2019-20 में 26 करोड़ 65 लाख रुपए मिले थे।

### धान उपार्जन पर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक

**रायपुर।** आगामी विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की आरंभिक तैयारी की समीक्षा की गई। मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में धान उपार्जन के लिए बारदाने की व्यवस्था और किसान पंजीयन खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में खाद्य विभाग एवं मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस., कृषि विभाग की सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, सचिव राजस्व अविनाश चंपावत, सचिव सहकारिता सीआर प्रसन्ना, विशेष सचिव खाद्य केडी कुंजाम, प्रबंध संचालक मार्कफेड रमेश शर्मा, खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### कलेक्टर से ग्रामीणों ने की पटवारी-पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को ग्राम भरेंगा में निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उचित मूल्य की दुकान में जाकर चावल, शक्कर और नमक के वितरण की भी जानकारी ली। इस दौरान वहां कुछ ग्रामीणों ने पटवारी और पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित होने और जनता के कार्यों को प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने मकान के आगे पानी भरने की समस्या भी बताई। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जल्दी समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

### सड़क हादसे में भिलाई के युवक की मौत

**भिलाई।** खाना खाकर घर लौट रहे तीन युवकों की सड़क हादसे में जगदलपुर में मौत हो गई है। हादसे में एक युवक भिलाई का रहने वाला है। घटना की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के मुताबिक आशीष नगर रिसाली निवासी अनुराग मसीह की नौकरी एनएमडीसी में पदस्थ था। कार में सोहेल राय, देवी दत्त भी थे। हादसे की रात तेज रफ्तार से बारिश जगदलपुर में गिर रही थी। इस दौरान उनकी कार अचानक मंदिर में टकरा जाने से कार दलपत सागर में जा गिरी। कार के चारों लॉक बंद होने से तीनों बाहर नहीं निकल पाए और युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक एमएमडीसी में कार्यरत थे। कार से मृतक धरमपुरा गए हुए थे। आधी रात को कार से धरमपुरा से दलपत सागर वाले रास्ते से तीनों युवक जगदलपुर मुख्यालय आ रहे थे। तभी दलपत सागर के पास स्थित मंदिर से कार टकराई।

# चुनाव में हार की समीक्षा के बाद पीसीसी में होगा बड़ा फेरबदल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एआईसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। कमेटी के सदस्य जल्द राज्य का दौरा कर पीसीसी प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तथा अन्य पदाधिकारियों से हार के कारणों की जानकारी लेंगे। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आने वाले दिनों में पीसीसी में बड़े फेरबदल की संभावनाएं हैं।

राज्य में हार के कारणों की पड़ताल करने वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए कांग्रेसी नेता

## हार की समीक्षा करने जल्द छत्तीसगढ़ आएंगे मोइली और चौधरी

छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से बात कर यह जानने का प्रयास करेंगे कि राज्य में कांग्रेस का प्रदर्शन चुनाव में इतना खराब कैसे रहा। यहां पर प्रचार के दौरान क्या माहौल रहा, इसे भी जानने का प्रयास होगा। विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के आधार पर सीट नहीं आने का लेकर मंथन कर हार के कारणों का पता लगाया जाएगा। पूरे मामले को लेकर कमेटी रिपोर्ट तैयार कर एआईसीसी को अवगत कराएगी, उसके आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल का निर्णय लिया जा सकता है।



### चुनाव के दौरान लगे थे आरोप-प्रत्यारोप

विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार सत्ता और संगठन के बीच समन्वय की कमी देखने को मिली थी। वहीं लोकसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ में प्रत्याशी तय होने के बाद से पीसीसी के कई पदाधिकारियों द्वारा लगाए गए आरोप प्रत्यारोप और अन्य मामलों से यहां पर चुनाव कार्य में कार्यकर्ताओं की सक्रियता को बड़ा कारण बताया जाता है। यहां पर प्रत्याशी तय करने में बाहरी प्रत्याशियों और दुर्ग जिले से तीन प्रत्याशियों को अन्य जगहों से चुनाव लड़ाए जाने को भी हार का कारण बताया जा रहा है। राजनांदगांव, बिलासपुर, महासमुंद और जांजगीर के प्रत्याशियों को लेकर स्थानीय नेताओं ने मोर्चा खोला था।

### हट सकते हैं बैज

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के समय प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज थे। विधानसभा चुनाव के तीन माह पहले ही उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। विधानसभा चुनाव में वे खुद हार गए थे। उसके तीन माह बाद लोकसभा चुनाव में उनके बस्तर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी हार गई। बताया जाता है कि स्थनीय नेताओं और संगठन के बीच समन्वय बनाने में उनकी भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। ऐसे में कमेटी की समीक्षा के बाद पीसीसी अध्यक्ष पर पहले गाज गिर सकती है।

### बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोषों की गिरफ्तारी एवं बढ़ते अपराध को लेकर गृहमंत्री निवास का घेराव

# पुलिस से भिड़ी एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस, घंटेभर होती रही झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार दोपहर यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस की पुलिस से घंटेभर झूमाझटकी होती रही। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी और लगातार बढ़ते आपराधिक मामले को लेकर एनएसयूआई और युवा कांग्रेस सहित महिला कांग्रेस गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव करने निकली थी। गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन से घेराव करने सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता निकले। इसके पहले ही पुलिस द्वारा बैरिकेड्स बनाकर सभी को रोक लिया गया। इस दौरान लगभग एक घंटे तक पुलिस की कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झूमाझटकी होती रही। कालीबाड़ी महिला पुलिस थाने के पहले बैरिकेड्स लगाकर पुलिस द्वारा मार्ग अवरुद्ध किया गया था। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। कई को पुलिस घसीटते हुए लेकर गई। कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की संख्या को देखते हुए पुलिस बल भी पर्याप्त मात्रा में तैनात रहा। महिला पुलिस की भी तैनाती की गई थी। राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस आंदोलन का हिस्सा बने।

कालीबाड़ी महिला पुलिस थाने के पहले ही रोका गया बैरिकेड लगाकर



### पुतला दहन, रोड पर बैठे कार्यकर्ता

पुलिस द्वारा रास्ता रोके जाने के बाद बैरिकेड के इस पास ही कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री का पुतला दहन किया। वे रोड पर ही बैठकर नारेबाजी करते रहे। एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस ने गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है। चाकूबाजी की घटनाएं आम हो चुकी हैं। थाना परिसर के अंदर भी चाकू चलाए जा रहे हैं। जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से कानून व्यवस्था लाचार दिखने लग गई है। पुलिस निर्दोष लोगों को जेल में डालने का कार्य कर रही है। इन सबकी जिम्मेदारी लेते हुए गृहमंत्री को इस्तीफा प्रदान कर देना चाहिए।

### परेशान हुए राहगीर

नगर निगम की ओर जाने वाला मार्ग दोपहर बाद तक बंद रहा। राहगीरों को इसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें गंतव्य तक पहुंचने लंबी दूरी तय करनी पड़ी। पुलिस संग खींचतान के दौरान कई कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें भी आईं। हालांकि प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज तथा अधिक बल प्रयोग से परहेज किया गया।

केदार कश्यप ने कहा

# विष्णु के सुशासन में जनता के साथ विपक्ष भी खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से जनता और किसान बहुत खुश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक ट्विट का हवाला देते हुए श्री कश्यप ने कहा, जनता तो जनता, विपक्ष के नेता और कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने धान की खेती करते हुए बहुत हर्ष के साथ एक पोस्ट की है, जिसमें वह बहुत खुश दिख रहे हैं।



श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल को भी अब धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी और वह भी चार किस्तों में नहीं मिलेगी, बल्कि एकमुश्त मिलेगी। इसी प्रकार धान की खरीदी कांग्रेस की तरह 15 क्विंटल नहीं, बल्कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ की जा रही है। यही तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन है, जिसमें जनता के साथ विपक्ष के कांग्रेस के नेता यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री भी प्रसन्न हैं। श्री कश्यप ने कहा, भूपेश बघेल ने बड़े हर्ष के साथ धान की खेती की तैयारियों का जायजा लिया है। ऐसा हो भी क्यों न, आखिरकार उन्हें भी पूरे 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत मिलेगी। अब कांग्रेस की सरकार तो चली गई और विष्णु के सुशासन में सब खुश हैं। श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल भाजपा की प्रदेश सरकार के खिलाफ चाहे जितना अनर्गल प्रलाप करके प्रदेश में अपने राजनीतिक झूठ का रायता फैलाएं, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार के किसान हित के फैसलों का लाभ श्री बघेल को भी उतना ही मिला है और आगे भी मिलेगा, जितना प्रदेश के किसानों के भाजपा की सरकार से मिला है और आगे भी मिलेगा।

### बैज बोले- किसानों से 3217 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदे सरकार



**रायपुर।** खरीफ सीजन के लिए घोषित समर्थन मूल्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, धान के समर्थन मूल्य में मात्र 5 प्रतिशत की वृद्धि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। कृषि की लागत दिनों दिन बढ़ रही है। मजदूरी, खाद, बीज और कीटनाशकों की कीमत आसमान छू रही है। किसानों की आय दुगुनी करने का वायदा जुमला साबित हुआ। किसानों को उम्मीद थी कि मोदी किसानों से 2014 में किए गए अपने सी-2 फार्मूले पर लागत से 50 प्रतिशत लाभ के साथ एमएसपी देने के वादे पर अमल करेंगे, लेकिन तीसरे कार्यकाल में भी किसानों को निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने कहा, भाजपा के घोषणा पत्र में किये गये वायदे के अनुसार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर में इस वर्ष के एमएसपी की वृद्धि 117 रुपए को जोड़कर छत्तीसगढ़ के किसानों से 3217 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने की घोषणा साय सरकार को तत्काल करना चाहिये।

# प्रदेश में मंत्री के दो पदों के लिए थोक में दावेदार

## अगले माह विधानसभा सत्र से पहले नए मंत्री बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार में अब दो मंत्रियों के पद खाली हो गए हैं। पहले से ही एक पद खाली था, अब बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद उनके मंत्री पद से भी इस्तीफा देने के बाद अब दो पद खाली हो गए हैं। इसके लिए थोक में भाजपा के विधायक दावेदार हैं। मंत्री पद पर नए चेहरों की भी नजरें हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व की मर्जी से ही मंत्री पद से विधायकों को नवाजा जाएगा। अगले माह से विधानसभा का मानसून सत्र होने वाला है, इस सत्र से पहले नए मंत्री तय होने की बात की जा रही है।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया तो उनके मंत्रिमंडल में एक पद छोड़कर बाकी मंत्री बना दिए गए। एक पद के लिए लंबे समय से इंतजार चल रहा है। इसको लेकर पहले ही दावेदार दौड़ और जुगाड़ लगा रहे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद अंततः विधायक पद के बाद मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया है। अब मंत्री के दो पद खाली हो गए हैं। इस पर नियुक्ति की तैयारी प्रारंभ हो गई है।



### नए-पुराने चेहरों का मिश्रण देखने को मिलेगा : नेताम

*प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम ने मंत्रिमंडल को लेकर कहा है, मंत्रिमंडल में किसी भी तरह का बदलाव मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। उन्होंने नए चेहरों को मौका देने के सवाल पर कहा, नए विधायकों को मौका मिलेगा, तभी तो वे सीनियर होंगे। मंत्रिमंडल में नए और पुराने चेहरों का मिश्रण देखने को मिलेगा।*

### ये हैं दावेदार

मंत्री के दो पदों के लिए थोक में दावेदार हैं। राजधानी रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का पद खाली होने के बाद रायपुर से ही एक मंत्री बनाए जाने की संभावना ज्यादा है। ऐसे में जहां पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत बड़े दावेदार हैं, वहीं रायपुर उत्तर के पुरंदर मिश्रा और रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू के दावे को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। अगर राष्ट्रीय संगठन ने नए चेहरे को मौका देने का मन बनाया तो नए विधायक में से किसी की भी लाटरी लग सकती है। इसी तरह से एक और पद के लिए कई दावेदार हैं। इनमें बिलासपुर के विधायक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, बिल्हा के विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, कुरुद के विधायक अजय चंद्राकर, दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव, पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नाम प्रमुख हैं। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व कोई भी फैसला करने से पहले जातीय समीकरण भी देखेगा। इसके पहले भी मंत्रिमंडल में जातीय समीकरण को संतुलित किया गया है।

# संदीप ने कहा- मोदी सरकार ने आते ही किसान हित में ऐतिहासिक फैसले लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने धान समेत कृषि उत्पादों के बढ़े हे नए समर्थन मूल्य की घोषणा का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने खरीफ की फसलों के समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। धान के समर्थन मूल्य में भी बहुत अच्छी बढ़ोतरी की गई है और इससे देश के साथ-साथ प्रदेश के किसानों में भी हर्ष व्याप्त है। श्री शर्मा ने कहा कि जहां तक सवाल है दलहन और तिलहन के दामों का, तो तिलहन के दामों में 983 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी की गई है, यह अपने आपमें एक अकल्पनीय बढ़ोतरी है और यह इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार किसानों को कैश क्राफ्ट की खेती की तरफ ले जाना चाहती है और इसका परिणाम यह होगा कि देश में दालों और तेल के आयात में कमी आएगी और विदेशी भुगतान संतुलन में भी इसका फायदा मिलेगा। बाजरा, ज्वार और रागी के दाम में जो बढ़ोतरी की गई है उससे मिलेट की खेती करने वाले किसानों में काफी उत्साह है। रागी, ज्वार और बाजरा के जो दाम है, उनमें 2014 की तुलना में लगभग 100% की बढ़ोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन में 2014 की तुलना में 85 से लेकर के 100% तक की बढ़ोतरी हुई है जबकि धान की फसलों में यह बढ़ोतरी 2014 की तुलना में वर्तमान कीमत लगभग 72% की बढ़ोतरी है। इन सबको देखकर निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मोदी सरकार किसानों के प्रति चिंतनशील है।

### नाबालिग बालिका से की जबर्दस्ती, 3 साल सजा

**भिलाई।** दुर्ग कोर्ट ने एक नाबालिग बालिका से बलात छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी युवक को तीन साल सश्रम कारावास की सजा दी है। विशेष लोक अभियोजन संतोष कसार ने बताया कि आरोपी ग्राम बोहारडीह उतई थाना निवासी गुनाकर साहू 25 साल है। 4 अक्टूबर 2022 की शाम नाबालिग बालिका गाय लेकर अपने कोठार जा रही थी तभी आरोपी युवक पहुंचा और उसे पकड़ लिया। जबर्दस्ती करते हुए उसे लिपटा लिया। बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता स्वयं को छुड़ाकर भागी और अपने पिता को यह जानकारी दी। पिता ने थाने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# निर्दोष लोगों को न्याय दिलाने एक से अमित करेंगे आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदा बाजार की घटना को लेकर जेसीसीजे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के 1 जुलाई से आमरण अनशन की घोषणा के बाद सतनामी समाज एवं पार्टी से जुड़े लोगों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा, सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

निर्दोष लोगों को रिहा किए जाने और बलौदा बाजार का नाम बाबा गुरुघासीदास के नाम से करने के लिए बलौदाबाजार में न्याय के लिए आमरण अनशन करने का निर्णय लिया है। जोगी निवास सिविल लाइंस में बैठक कर श्री जोगी ने



कहा, सतनामी समाज के साथ बलौदा बाजार घटना कांड में अन्याय हुआ है। समाज के पवित्र स्थल अमर गुफा में जैतखंभ को क्षति पहुंचाई गई और लोकतांत्रिक तरीके से घटना के दोषियों की गिरफ्तारी के लिए आंदोलन करने पहुंचे समाज के बीच में घुसकर उपद्रवियों ने घटना को अंजाम दिया। समाज को बदनाम करने निर्दोष लोगों को ही गिरफ्तार कर जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग और अनुसूचित जाति राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को संज्ञान लेने का आग्रह किया। बैठक में सतनामी समाज के बाबा गुरुगोसाई मनहरण दास, रीति देशलहरा, पार्टी महामंत्री महेश देवांगन, सागर सिंह बैंस, प्रवक्ता भगवानू नायक, मनोज बंजारे, रायपुर जिलाध्यक्ष संदीप यदु, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# चुनाव आयोग ने कांकेर लोकसभा सीट के चार बूथों के ईवीएम की जांच के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव आयोग ने कांकेर लोकसभा सीट पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। अब यहां पर ईवीएम की जांच कराई जाएगी। कांकेर से भाजपा के भोजराज नाग ने जीत दर्ज की है।

उन्होंने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को 1884 वोटों से हराया है। कांग्रेस उम्मीदवार ने गड़बड़ी की आशंका जताते हुए चुनाव आयोग को शिकायत भी की थी। मतगणना के दिन रीकाउंटिंग के कारण यहां का परिणाम सबसे देर से आया था। हालांकि परिणाम से असंतुष्ट कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ईवीएम की जांच कराने की मांग की थी। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें छत्तीसगढ़ के कांकेर लोकसभा सीट का भी नाम शामिल था। इनमें ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी। चुनाव आयोग ने इसके बाद कांकेर की 3 विधानसभा क्षेत्रों संजारी बालोद, गुंडरदेही और सिहावा के 4 बूथों पर जांच के आदेश दिए हैं। संजारी बालोद के 2 और बाकी के 1-1 बूथ शामिल हैं।

### ईवीएम बदलने का आरोप

कांकेर सीट से बेहद करीबी मुकाबले में हारने वाले कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने 4 केंद्रों के ईवीएम बदले जाने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर को ज्ञापन सौंपकर संजारी बालोद, गुंडरदेही और सिहावा विधानसभा में ईवीएम जांच की मांग की थी। बीरेश ठाकुर ने कहा, मतदान के बाद जो ईवीएम के नंबर एजेंट को दिए गए थे, मतगणना के दिन वो कैसे बदल गए। निर्वाचन आयोग को इसका जवाब देना होगा। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जिस ईवीएम पर गड़बड़ी को आशंका हो, उसकी जांच करवाई जा सकती है।

### निर्वाचन आयोग ने जारी की थी गाइडलाइन

यह पहली बार है कि इलेक्शन कमीशन ने ईवीएम चेक कराने को लेकर गाइडलाइन जारी की है। 4 जून को काउंटिंग से पहले 1 जून को आयोग की ओर से यह गाइडलाइन आई थी। इसमें यह प्रावधान किया गया है कि रिजल्ट आने के बाद जो भी सेकेंड पोजिशन वाला उम्मीदवार है, वह ईवीएम चेक कराने के लिए आवेदन कर सकता है। आयोग की ओर से एक ईवीएम चेक कराने के लिए 50 हजार रुपए की फीस रखी गई है। उम्मीदवार को रिजल्ट आने के 7 दिन में इसके लिए आवेदन किया जाना जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### हठरी बाजार में व्यापारी से गाली-गलौच और धमकी

**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत हठरीबाजार में व्यापारी को जान से मारने की धमकी और गाली गलौच का मामला प्रकाश में आया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी मोहम्मद सलीम, साबिर, नूरद्दीन के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वर्धमान धर्मशाला शिवपारा निवासी संतोष नाहटा की हठरी बाजार में स्वदेशी खादी भंडार की दुकान है। वे पिछले करीब 36 सालों से इस जगह पर दुकान संचालित कर रहे हैं। 15 जून को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आरोपी वहां आए और गाली गलौच शुरू कर दिया। आरोपियों ने धक्का-मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस विवेचना जारी है। नाहटा का आरोप है कि इस क्षेत्र में गुंडागर्दी की जा रही है।

### बीएसपी में ठेका मजदूर की मौत

**भिलाई** । भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम विभाग में बुधवार को फिर एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। मेसर्स हितेश भाई पटेल के स्किल्ड



ठेका मजदूर 41 वर्षीय उदयराम साहू यूआरएम सप्लाई लाइन में लोको की क्लीनिंग जोड़ते समय दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे तत्काल संयंत्र के मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिछले महीनेभर के दो मजदूरों की मौत हो चुकी है। वार्ड 50 खुर्सीपार निवासी मृतक उदयराम बीस साल से उसी स्थान पर काम कर रहा था। परिवार में पत्नी ज्योति और एक बेटी रोशनी 15 व बेटा चंद्रशेकर पढ़ाई कर रहे हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

**भिलाई।** केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने और प्रदेश में लोकसभा चुनाव में 10 लोकसभा सीट जीत कर रिकार्ड कायम किया है। इसके अलावा दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को 4 लाख 38 हजार वोट मिलने पर अपनी खुशियां बांटने भाजपा जिला भिलाई पदाधिकारीगण भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान जिला महामंत्री द्वय झ प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, जिला मंत्री विजय जायसवाल,गुरजीत सिंह, कन्हैया सोनी, पवन यादव, केशव पटेल, कमलेश दुबे, अरुण उपाध्याय मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### माह के अंत तक ...

को उपलब्ध कराई जा चुकी है। नवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्डधारी अपनी राशनकार्ड का नवीनीकरण स्वयं मोबाईल एप के माध्यम से कर सकते हैं अथवा उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर करवा सकते हैं। नवीनीकरण के लिए शेष राशनकार्डधारियों से अपील की गई है कि वे अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अथवा स्वयं मोबाईल एप के माध्यम से 30 जून तक अनिवार्य रूप से नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण करा लें।

# घुघवा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

उत्तर पाटन के ग्राम घुघवा (ज) के ग्रामीण बुधवार को फिर से तहसील कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। बता दे कि गांव के शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग कर रहे थे। इससे पूर्व कुछ माह पहले भी उसी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार मीना साहू को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन ज्ञापन देने के बाद भी किसी भी तरह का कार्रवाई नही होने से एक बार फिर ग्रामीण गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा सौंपे ज्ञापन के मुताबिक ग्राम-घुघवा (ज) में शासकीय भूमि खसरा नम्बर 517 रकबा 4.040 हेक्टेयर पर रायपुर निवासी गौकरण साहू द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। साथ ही वहां पर सैकड़ों की संख्या में पेड़ कटाई कर मिट्टी खुदाई कर लिया गया हैं। उसकी शिकायत पूर्व में भी किया जा चुका है।

आरआई, पटवारी द्वारा नापकर अतिक्रमण भी साबित किया जा चुका हैं, इसके बावजूद अब तक इस पर किसी भी प्रकार की न तो कोई कार्यवाही हुआ है न अतिक्रमण हटाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व निरीक्षक द्वारा जो नाप किया वह भी संतोष जनक नहीं था। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। आने वाले समय में जल्द कार्यवाही नहीं हुआ तो ग्रामीण द्वारा उग्र प्रदर्शन करने की बात ग्रामीण कह रहे हैं। जिसके लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस अवसर पर रोहित, सुरेंद्र, खेदू राम, कुलेश्वर, आशा, रेवती, बिमला, रेनी, पूर्णिमा, कविता, रेखा, नीरा, अमरीका, सीता, चंदा, मालती, गीता, तरुण, दुर्गेश, गौतम, सहित अन्य मौजूद रहे।

### कार्रवाई नहीं होने से एक बार फिर ग्रामीण पहुंचे तहसील कार्यालय




#### आक्रोशित हो गए ग्रामीण

तहसीलदार मीना साहू से मुलाकात करने बड़ी संख्या में ग्रामीण एक साथ आफिस में पहुंच गए। इसके बाद जब तहसीलदार से गांव के लोग चर्चा कर रहे थे। उसी समय पीछे में खड़े ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आए। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि लगातार गांव में अतिक्रमण बढ़ रहा है। राजधानी रायपुर के नजदीक होने के कारण भू माफियाओं का दखल गांव में बढ़ता जा रहा है। वहीं अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण अन्य लोग ने शासन के बेस कीमती जमीन पर नजर रखे हुए हैं।

## सांसद, इस्पात मंत्री से करेंगे शिकायत, श्रम आयुक्त के पास दायर करेंगे परिवाद

# अधूरे वेज रिवीजन के बीच बायोमेट्रिक चालू करने के खिलाफ संयुक्त यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल कर्मचारियों का साढ़े 7 वर्ष बाद भी वेज रिवीजन अधूरा रहने के बीच बायोमैट्रिक अटेंडेंस लागू करने पर भिलाई इस्पात संयंत्र की आठ ट्रेड यूनियनों ने बीएसपी प्रबंधन के के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीएमएस, इंटक ,एटक, एचएमएस, एक्टू ,इस्पात श्रमिक मंच, लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन भड़की हुई हुईं हैं। प्रबंधन द्वारा एकतरफा तरीके से बायोमेट्रिक लागू करने के विरुद्ध संयुक्त यूनियन सांसद विजय बघेल तथा इस्पात मंत्री से शिकायत करने के साथ श्रम आयुक्त के समक्ष परिवाद दायर किया जाएगा। प्रबंधन के खिलाफ जंगी प्रदर्शन किया जाएगा।

संयुक्त यूनियन की हुई बैठक में इस आशय का अहम निर्णय लिया गया। एक जुलाई से बायोमेट्रिक अटेंडेंस के प्रबंधन के निर्णय पर आक्रोश जताया गया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि बिना बायोमेट्रिक के 3500 करोड़ का प्रॉफिट तो बायोमेट्रिक के लिए उतावलापन क्यों है। यूनियन नेताओं ने कहा कि जब भिलाई बिना बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के सेल में सर्वोच्च 3500 करोड़ का प्रॉफिट दे रहा है तो यहां बायोमेट्रिक क्यों लगाया जा रहा है ? साढ़े 7 वर्ष बाद भी कर्मचारियों का वेज रिवीजन अभी भी अधूरा है I 24 जनवरी 2024 को मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय के समक्ष ढाई महीने में वेज रिवीजन पूरा कर लेने का आश्वासन सेल प्रबंधन ने दिया था । लेकिन अभी तक वेज रवीजन अधूरा है । 30 मई को सब कमेटी की बैठक में नाइट शिफ्ट एलाउंस के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम की अनिवार्यता पर समझौता किया गया । जबकि बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम सब कमेटी का मुद्दा ही नहीं है । यूनियन नेताओं ने कहा कि इस असंवैधानिक समझौते में भी बायोमेट्रिक के लिए 3 महीने का समय दिया गया है यूनियन नेताओं ने कहा कि ठेका श्रमिकों को पूरा वेतन दिलाने के लिए लागू किए गए बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम मे प्रबंधन को सफलता नहीं मिल रही है ठेकेदार पूरी तरह से लामबंद हो चुके हैं।

### संयुक्त यूनियन की बैठक मे आक्रोश व्यक्त किया गया



#### बायोमेट्रिक लागू करने से पहले वेज रिवीजन पूरा करे प्रबंधन

यूनियन नेताओं ने कहा कि भिलाई के रिकार्ड प्रोडक्शन एवं प्रॉफिट में के बाद भी सेल कर्मचारियों का अभी तक 39 महीने का एरियर, हाउस रेंट अलाउंस, सहित विभिन्न मुद्दे पेंडिंग है। प्लांट के अंदर कैंटीन, रेस्टरूम एवं शौचालय की स्थिति खराब है । प्रबंधन सबसे पहले कर्मचारियों के इन समस्याओं को सुलझाए उसके बाद ही बायोमैट्रिक पर चर्चा करे । यूनियन नेताओं ने कहा कि बायोमैट्रिक सिस्टम लागू करने से पहले प्रबंधन मान्यता प्राप्त यूनियन की सहमति लेना भी जरूरी नहीं समझ रहा है । ऐसी स्थिति में भिलाई में मान्यता के लिए यूनियन चुनाव का औचित्य ही क्या है ।

#### क्या केंद्र ने प्रबंधन को वेज रिवीजन रोकने कहा

यूनियन नेताओं ने कहा कि प्रबंधन सभी यूनियन से यही कहता है कि केंद्र सरकार के आदेश के तहत बायोमेट्रिक लागू कर रहे हैं । प्रबंधन बताए कि केंद्र सरकार ने उसे वेज रिवीजन अभी तक रोके रखने का कोई आदेश दिया है क्या ? इसकी शिकायत स्थानीय सांसद व मुख्य श्रमायुक्त से की जाएगी।प्रमोशन पालिसी लागू करने व पदनाम को लेकर प्रबंधन क्यों चुप है। बैठक में बीएमएस से चन्ना केशवलू ,वशिष्ठ वर्मा, इंटक से वंश बहादुर सिंह, पूरन वर्मा, एटक से विनोद सोनी, विनय मिश्रा, एचएमएस से हरिराम यादव, एक्टू से जेएल कुर्रे, लोईमू से सुरेंद्र मोहंती, डीके सोनी, इस्पात श्रमिक मंच से विनोद कुमार दुबे, अरुण कुमार सार्वा, स्टील वर्कर्स यूनियन से संजय गुप्ता शामिल थे।

# बच्चों में भाषाई और गणितीय दक्षता लाने शिक्षक हो रहें तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बेरला

विकासखंड बेरला के अंतर्गत जोन भिंभौरी में 53 शिक्षकों का द्वितीय चरण प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण में उत्साह का माहौल रहा। इस प्रशिक्षण केन्द्र में भाषा शिक्षण के चार ब्लाक मॉडल मौखिक भाषा विकास शब्द पहचान पढ़ना और लिखना बिंदुओं पर शिक्षकों से बातचीत किया गया। वहीं, कक्षा का माहौल तैयार करते हैं समूह गतिविधि का आयोजन किया गया। शिक्षकों में इसको लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा था। डीआरजी हारुन अली, जोगीराम वर्मा, प्रदिप परगनिहा जोन प्रभारी एसआरजी केंवरा सेन के कुशल नेतृत्व में भाषा शिक्षण और बच्चों की दक्षता पर कक्षा का माहौल तैयार कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एससीई आरटी रायपुर से एसआरसी पवन कुमार देवांगन ने प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में ढांचागत बदलाव 5+3+3+4 पर जोर देते हुए बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता विकास के लिए हमें अभ्यास पुस्तिका पाठ्य-पुस्तक और शिक्षक संदर्शिका पर कार्य करने की जरूरत है। पहले 3-6 वर्ष के दौरान जब बच्चे बालवाड़ी में रहेंगे तो वहां से बहुत कुछ सीख कर कक्षा में प्रवेश लेने वाले हैं। 6-8 वर्ष कक्षा पहली दूसरी में रहेंगे तो स्कूल की भाषा और बच्चों की भाषा में जो अंतर आता है वह बहुभाषी शिक्षा से दूर कर बच्चों को स्कूल की भाषा में दक्ष करना है। एफएलएन की मुख्य उद्देश्य की कक्षा पहली से तीसरी में पढ़ने वाले सभी बच्चों में बुनियादी दक्षता लाते हुए अगली कक्षा के लिए तैयार करना होगा। वास्तव में हम शिक्षक के रुप में मेहनत बहुत करते हैं। लेकिन हमारी ऊर्जा की खपत वहां हो रहा है जहां से परिणाम अपेक्षा के अनुसार नहीं। आगे हमें चरण दर चरण रणनीति के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। अभ्यास पुस्तिका में जो सप्ताहिक कार्ययोजना तैयार किया गया है 4+1+1 के अनुसार निश्चित रूप से हम अपनी कक्षा में पढ़ रहे बच्चों में आवश्यक दक्षता हासिल कर सकते हैं।

■ जोन भिंभौरी में 53 शिक्षकों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

# जमीन को लेकर किया इकरारनामा फिर 50 लाख रुपए लेकर मुकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जमीन को लेकर इकरारनामा करने के बाद 50 लाख लेकर मुकरने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत आईजी, एसपी से लिखित में की गई है। वार्ड 3 मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट निवासी मनोज राजपुत ने आईजी से शिकायत किया है कि मकान नंबर 108 सड़क 8 दीपक नगर दुर्ग निवासी राजेश सिंह देवभूमि नामक प्रापर्टी डिलिंग का काम करता है। उसके रेलवे स्टेशन रोड दुर्ग में ड्रीम पैलेस भी है। राजेश सिंह ने ग्राम करहीडीह में पपनंबर 49/15 सिकोला के दुर्ग स्थित खसरा नंबर 94, 95/1, 95/2,95/3 रकबा क्रमशः 1.000,0.280,0.104, 0.400,0.406 है। उक्त कृषि भूमि को बेचने को लेकर 24 जनवरी को दो गवाहों के मध्य राजेश सिंह ने इकरारनामा किया था। दोनों पक्षों में जमीन को लेकर कुल 6 करोड़ 48 लाख रुपए में सौदा हुआ था। जिसका बयाना राशि एमआर ले आउट संचालक मनोज राजपुत ने राजेश सिंह को 25-25 लाख रुपए के दो चेक दिया था। उक्त रुपए को देवभूमि प्रापर्टी संचालक राजेश सिंह ने बैंक चेक लगाकर निकाल लिया। पचास लाख रुपए की राशि मिलने के बाद राजेश सिंह का विचार बदल गया और उक्त रुपए को डूबाने की मंशा बना रहा था। तब पीड़ित किसी मामले में जेल में था उसे जमानत मिलने के बाद राजेश सिंह ने पीडित के खिलाफ 18 मार्च को झूठा शिकायत पुलिस में कराई गई। जिसमें बताया गया था कि पीडित के जमानत में छूटने के बाद राजेश सिंह को धमकी दे रहा है। जबकि ऐसा कोई काम पीड़ित के द्वारा नहीं किया गया था। जिसे लेकर पीड़ित ने शिकायत मोहन नगर पुलिस थाना में की है। जबकि पीड़ित चाहता था कि जिस भूमि का इकरारनामा हुआ था उसका सीमांकन होने के बाद रजिस्ट्री कराया जाना था। लेकिन राजेश सिंह ने बयाना राशि को डूबाने को लेकर पुलिस में झूठा शिकायत किया।

#### दूसरे की जमीन दिखाकर किया इकरारनामा

पीड़ित मनोज राजपुत ने आरोप लगाया है कि राजेश सिंह ने ग्राम करहीडीह खसरा नंबर 94 रकबा 1 हेक्टेयर भूमि को स्वयं का बताकर इकरारनामा किया था। जबकि उक्त खसरा नंबर की भूमि परवीन बानों पति मो. फिरोज के नाम पर दर्ज है। इस तरह राजेश सिंह झूठा इकरारनामा बनाकर बयाना की राशि 25 लाख रुपए गबन करना चाहता है। इसे लेकर पीड़ित ने पुलिस से न्याय करने की गुहार लगाई है।

# बजरंग दल ने जिला कलेक्ट्रेट का घेराव कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग



विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल द्वारा अपने तीन विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया गया। दल ने सौंपे गए ज्ञापन में जांच की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान हाईवे में वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी। जिसे सामान्य करने में पुलिस जवानों को करीब आधा घंटा लग गया। पटेल चौक सिग्नल के पास इस दौरान जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। बजरंग दल ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि, पाकिस्तान जिंदाबाद, सर तन से जुदा के नारे लगाने वालो को चिन्हित कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। वही सुनवाई के दौरान कोर्ट परिसर में मुस्लिम समुदाय द्वारा जानलेवा हथियार लेकर जाना एवम कोर्ट के निर्णय की अवहेलना करते हुए पुष्पराज पर हमला करने दौड़ना और पिछले पांच वर्षो में जो मुस्लिम बस्तियां बसी है, उनकी जांच कर उन बस्तियों में रह रहे व्यक्तियों के आधार कार्ड की भी जांच हो कि कहीं वह रोहिंग्या बांग्लादेशी तो नही है। इन तीन सूत्रीय माँगो को लेकर विहीप प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी, प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू, बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्र, विभाग मंत्री अनिल सिंह गुर्जर, विभाग संयोजक शैलेंद्र सोनी, सह संयोजक राकेश तिवारी, जिला कार्यकरणी मनीष बुचासिया, पारस जंघेल, ऐश्वर्य सोनी, ठाकुर निहाल, बबलू सिंह, विमलेश तिवारी, प्रवीण रामरेड्डी, सौरभ देवांगन, खेमलाल सेन सहित बढी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खाद्यमंत्री बघेल से मिले डा. निर्वाणी, जताया आभार



**बेमेतरा।** अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात कर खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने पर केंद्र सरकार का आभार जताया। मंत्री बघेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश वासियों को फायदा भी डबल होगा। कृषि प्रधान राज्य में किसानों के बीच खुशी की लहर है और मुख्यमंत्री साय की सरकार पैसे भी एक साथ देती है। डॉ निर्वाणी ने कहा कि धान के साथ अन्य खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि से न सिर्फ किसानों बल्कि बाजार और व्यापारियों में भी उत्साह है।

### दारू नहीं दूध पीजिए अभियान शुरू



**बेमेतरा।** शहर में समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी द्वारा चलाए जा रहे दारू नहीं दूध पीजिए, शराब नहीं शरबत पीजिए अभियान को पूरे जिले से चलाए जाने के लिए शुक्रवार सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू ने अभियान की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान श्री माहेश्वरी ने युवाओं एवं बच्चों को इस अभियान से जोड़ कर नशा मुक्त समाज की स्थापना करने आम जनों से आह्वान किया।

### रुआबांधा में पार्क का अधूरा निर्माण, शिकायत

भिलाई। रूआबांधा सेक्टर में पार्क के अधूरे निर्माण के लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायत की है। उन्हें इसे लेकर रिसाली महापौर शशि सिन्हा और निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कार्य को जल्द पूरा कराए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि पिछले कई महीनों से काम अधूरा है।

# बाढ़ से बचने एसडीआरएफ़ ने किया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग



कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए शिवनाथ नदी में आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ़) द्वारा जिला स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया।

मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान शिवनाथ नदी में ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पलटी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय आस्का लाइट, पेलिकन लाइट, सर्च लाइट विभिन्न प्रकार के वस्तुओं का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) का आयोजन किया गया।

मॉकड्रिल के दौरान, एसडीआरएफ़ की टीम ने कई महत्वपूर्ण बचाव अभियानों का अभ्यास किया। इनमें नदी में डूबने वाले व्यक्तियों का बचाव, तेज बहाव में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना, और बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त इमारतों में फंसे लोगों को निकालना शामिल था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, एडीएम अरविंद एक्का, प्रशिक्षु कलेक्टर एम भार्गव, संयुक्त कलेक्टर लताउर्वशा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, पुलिस, स्वास्थ्य, राज्य आपदा मोचन बल और नगर सेना के दल एवं ग्रामीणजन उपस्थिति थे।

**ईश्तहार / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार राकेश कुमार अग्रवाल पिता ब्रम्हानंद अग्रवाल निवासी श्री साधना एक्सप्रेस शॉप नं. 13 जैन पेट्रोल पंप के पास ट्रांसपोर्ट नगर तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा भूमिस्वामी रामेश्वर कुमार साहू पिता सुखीराम साहू निवासी ग्राम मोहभट्ठा, बेमेतरा तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 357 /2 रकबा 0.193 हे. है । उक्त भूमि को मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर 15 दिवस के भीतर रजिस्ट्री कराने का करार किये है। विक्रय की शेष राशि विक्रेतागण रजिस्ट्री के समय प्राप्त करेगा।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उक्त ख.नं. की भूमि को अपने नाम पर रजिस्ट्री कराने हेतु मेरा पक्षकार स्वतंत्र रहेगा। एतद् सूचना जानो
स्थान : बेमेतरा
दिनांक : 21.06.2024
केशव नामदेव, अधिवक्ता
जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा
जिला बेमेतरा (छ.ग.)
मोबा.नं.8770430075,9425561348

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मौजा . नारायणपुर प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. मारो तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 133/1 रकबा 0.55 एकड / 0.2200 हेक्टेयर को भूमिस्वामी धनउ राम साहू पिता आत्मज फूल सिंह साहू वार्ड नं.-9 नारायणपुर तहसील नांदघाट जिला बेमतरा छ.ग. से उक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा करते हुए अग्रिम धन विक्रेता को भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विक्रयपत्र निष्पादित करायेगा।

अत: किसी भी व्यक्ति, संस्था एवं निकाय को उक्त संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे नीचे बताये पते पर मय दस्तावेज के लिखीत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद अवधि कोई भी आपत्ति अवैधानिक एवं प्रभावशुन्य माना जावेगा । सो सूचना जाने ।
दिनांक 21/6/2024
ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 8319433844
9111092229



## खबर संक्षेप



### डीह पारा बासीन में मना योग दिवस

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राणायाम चक्रासन भ्रामरी प्राणायाम सहित विभिन्न प्राणायाम किया गया! इस अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा योग पर अपनी विचार व्यक्त करते हुए नियमित योग का संकल्प लिया गया। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने उपस्थित पालकों तथा बच्चों को योग से होने वाले लाभों से परिचित कराते नियमित योगाभ्यास करने की अपील किया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य गण पालकगण स्कूली बच्चों सहित पुन्नी लाल गोड़ जमुना ठाकुर रेखा बाई उपस्थित रहे।

### योग हमारे शरीर को करता है रोगमुक्त



**बेमेतरा।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में योग दिवस मनाया गया। बच्चों के साथ ही गाँव के लोग भी योग क्लास में शामिल हुए। शाला के प्रधान पाठक लेखराम वर्मा सभी को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किए। वही शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा ने योग के महत्व को बताते हुए कहती है कि योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति प्रदान करता है। शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए योग आवश्यक है, सुखमय जीवन जीने के लिए योग को अपने आदत में शामिल करने की बात कही। शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग बहुत लाभदायक है। इस अवसर पर गीता साहू, कुन्ती सिन्हा, बबीता ध्रुवे, पीरेंद्र वर्मा, प्रीति निषाद, हीना, सीमा सिन्हा, पूर्णिमा, कुलदीप यादव, रूद्र पाठक सभी योग किए।

### न्यू गुरुकुल में मनाया गया योग दिवस

**नवागढ़।** न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में योग दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्रातः काल सभी शिक्षकों द्वारा योग किया गया व योग का अपने जीवन में महत्व समझा गया। साथ ही यह भी बताया गया की कैसे योग एक व्यक्ति को शरीरिक व मानसिक दोनों ही रूपों से स्वस्थ बना सकता है, योग हर व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। संस्थान के डायरेक्टर गजपाल सिंह खुराना व प्रिंसिपल मनिंदर कौर खुराना ने भी इस योग दिवस मे हिस्सा लिया। साथ ही जितेंद्र पाल, रुस्तम मुर्मू, पोषण जैस्वाल, सीताराम निर्मलकर , पूनम तिवारी, भारती साहू, मालविका सिंह, निशा श्रीवास्तव, दीपंजालि मुर्मू,साधना कुशवाह, रुबाब खान,सुमित्रा बघेल, मनिषा घृतलेहरे, तिलेश्वरी घृतलेहरे, अंजलि कुर्रे, जास्मिन कोशले, पूजा जांगड़े, तृप्ति जैस्वाल, रोजिला खान, दीप्ति शर्मा, जानकी साहू, रेणुका मिश्रा, संतोषी साहू, ऋतु पाल, सानिया परवीन आदि शामिल रहे।

## आयोजन : नवागढ़ में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

# सामूहिक योगाभ्यास कर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नवागढ़ में विभिन्न स्थानों पर योगशालाएं आयोजित की गईं। सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ ही व्यापारिक और सामाजिक संस्थाओं की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाभ्यास के माध्यम से देश और दुनिया को निरोग जीवन का संदेश देने का प्रयास किया गया।

शुक्रवार को पर्यावरण बचाओ समिति नवागढ़ विधानसभा के तत्वावधान में एकदिवसीय योग शाला का आयोजन सुबह सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें नवागढ़ नगर के जनप्रतिनिधि, नेतागण, व्यापारी एवं समाजसेवियों सहित सैकड़ों लोगों ने भी सामुहिक योगाभ्यास किया। सभी ने हलासन, चक्रासन और शीर्षासन के साथ कई प्राणायाम आदि सामूहिक योग मुद्राएँ भी कीं। योगाभ्यास के बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि तन और मन को शांत और स्वस्थ रखने के लिए योग करना बहुत जरूरी है।

एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी ने कहा कि योग करने से शारीरिक और मानसिक दोनों लाभ मिलते हैं। यह तनाव, चिंता को कम करने में भी मदद करता है। मण्डल महामंत्री मिंटू बिसेन ने कहा कि अब योग से गंभीर बीमारियों का इलाज भी किया जाने लगा है। कोरोना काल में इसका महत्व व लाभ प्रमाणित हो चुका है।

इस दौरान संतोष खुराना, मधु रॉय, रामनारायण पाठक, बबलू ताम्रकार, रमेश निषाद, सुरेश निषाद, लक्ष्मीचंद जैन, दिलीप जायसवाल, लता निषाद, यशिका जैन, मिथलेश सोनकर, भागवत सोनकर, राजा, जित्ते सहित अन्य ने योगाभ्यास किया।

### योग से शरीर और मन दोनों रहता है स्वस्थ



**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में आज शाला परिवार द्वारा योग दिवस मनाया गया। बच्चों को बताया गया की योग और ध्यान का मुख्य उद्देश्य शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य, मजबूत तथा अध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक गुणों को विकसित कर आत्म-निरीक्षण करना है। निरंतर योगाभ्यास करने से शरीर और दिमाग स्वस्थ रहता है। शरीर में लचीलापन, ताकत, मन की शांति रक्तप्रवाह, श्वसन पाचन आदि सभी रोगों से लड़ने की शक्ति भी मिलती है। योगासन के निरंतर अभ्यास करते रहने से शरीर,मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित कर सकते हैं और ये तभी संभव हो पाता है जब हम सही ढ़ंग से ध्यान, धारणा, प्राणायाम आसान आदि योगाभ्यास करते हैं। इसके माध्यम से हम तनाव व रोग मुक्त जीवन जी सकते हैं। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों को योगासन में विभिन्न आसन प्राणायाम जैसे भ्रामरी, अनुलोम-विलोम,कपाल भारती,भस्तिका, ताड़ासन, चक्की आसन, तितली आसन, आदि करते हुए बच्चों ने इसे करने के उचित ढंग को सीखा। योगासन के द्वारा अपने मन को एकाग्र कर विद्यार्थी जीवन से ही अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु अडिग रह सकते हैं क्योंकि स्वस्थ तन ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है और इसे बनाएं रखने हेतु सभी आयु वर्ग को योग अवश्य करना चाहिए। योगा हमारी प्राचीन संस्कृति सभ्यता का महत्वपूर्ण अंग है और हमारे स्वस्थ जीवन के लिए वरदान है। उक्त योग दिवस में प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, रसोइया पुष्पा साहू व शाला परिवार के बच्चे व समाज के बच्चे रहे।

## घिवरी स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी में योग दिवस के उपलक्ष्य में शाला परिवार द्वारा योग दिवस मनाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य योग की प्रकृति को जानकर अध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक गुणों को विकसित कर आत्म-निरीक्षण करना है। निरंतर योगाभ्यास करने से शरीर और दिमाग स्वस्थ रहता है। शरीर में लचीलापन, ताकत,मन की शांति रक्तप्रवाह , श्वसन पाचन आदि सभी रोगों से लड़ने की शक्ति भी मिलती है। योगासन के निरंतर अभ्यास करते रहने से शरीर,मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित कर सकते हैं। ये तभी संभव हो पाता है जब हम सही ढ़ंग से ध्यान, धारणा, प्राणायाम आसान आदि योगाभ्यास करते हैं।

इसके माध्यम से हम अपने आप से आत्म साक्षात्कार कर मन की शांति और खुशी की खोजकर तनाव व रोग मुक्त जीवन जी सकते हैं। योगासन में विभिन्न आसन प्राणायाम कराया गया जैसे भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, पद्मासन सुखासन तितली आसन आदि करते हुए बच्चों ने इसे करने के उचित ढंग को सीखा। योगासन के द्वारा हम मन की एकाग्रता से अपने लक्ष्य प्राप्ति भी कर सकते हैं क्योंकि स्वस्थ तन ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है और इसे बनाएं रखने हेतु सभी आयु वर्ग को योग अवश्य करना चाहिए। योगा हमारी प्राचीन संस्कृति सभ्यता का महत्वपूर्ण अंग है और हमारे स्वस्थ जीवन के लिए वरदान है। शिक्षक मनोज कुमार कश्यप, लोकेश्वर दास मानिकपुरी, शिक्षिका उषा पाटकर द्वारा योग के विभिन्न योगासन व करने की विधियों को बताया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी के प्रधान पाठक पंचराम साहू , शिक्षक मनोज कुमार कश्यप, लोकेश्वर दास मानिकपुरी, उषा पाटकर कर्मचारी अनल सिंह राजपूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता राजपूत, सहायिका अरूण लोधी विद्यार्थी गण आदि उपस्थित रहे।

## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र साजा में योगाभ्यास



**बेमेतरा।** कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। राज्य एनएसएस अधिकारी, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर के निर्देशानुसार कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा में स्फूर्ति एवं हर्षोउल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के रासेयो के स्वयंसेवकों / छात्र छात्राएं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने महाविद्यालय प्रांगण में योगासन का अभ्यास किया। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं गीत लेखन, पेन्टिग, रंगोली, पोस्टर एवं भाषण आदि का आयोजन किया गया। जिसमें रासेयो के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आलोक तिवारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिये योग का महत्व बताया। उन्होंने आज के अतिव्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवन म योग के माध्यम से स्वस्थ एवं तनावरहित जीवन शैली के बारे में बताया। महाविद्यालय में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलनारायण कोशले ने स्वयंसेवकों / विद्यार्थियों को योग के माध्यम से अपने प्रदर्शन में उन्नयन कर लक्ष्य प्राप्ति कर सकने के बारे में बताया। कायक्रम में डॉ. रविशंकर लाझियाना सहायक प्राध्यापक, डा. आशोष श्रीवास्तव (सहायक पाध्यापक), विष्णुदत्त शमा शाखा अधिकारी शलन्द कमार बस (सहायक वग-1), डा. हेमंत जागड़े, डा. मनमाहन बिसन, डा. रवन्द साह, डा. राहित, डा. शशाक शमा, डा. ज्याति बाला, नतनलाल दवागन रा.से.यो. के स्वयंसेवक, विद्यार्थीगण, दैनिक वेतनभोगी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वस्थ तन-मन के लिए रोज करें योग : सरिता



**नांदघाट।** महिला एवं बाल विकास परियोजना नांदघाट में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान सरपंच सरिता लाला कटारे ने कहा कि योग हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। योग से हमारे शरीर के साथ दिमाग भी स्वस्थ रहता है। इसलिए स्वस्थ तन,मन के लिए रोज योग करना चाहिए। इस दौरान प्रभारी परियोजना अधिकारी किरण शर्मा,कृतांजली खांडेकर पर्यवेक्षक,सचिव गणेश कुर्रे,रोजगार सहायक संदीप साहू,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमरीका साहू,रानी शुक्ला,विमला ध्रुव, सहायिका टिकेश्वरी साहू,मेलन साहू,मितानिन प्रीति साहू मौजूद रहे।

### योग दिवस पर सफाई कर्मचारियों व स्वच्छता दीदियों का हुआ सम्मान



**नवागढ़।** शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ अंतर्गत सतनाम भवन में सामूहिक योग का आयोजन किया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ मन- स्वच्छ शहर के तहत सफाई अभियान में योगदान देने वाले सफाई कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विनोद बंजारे तहसीलदार, नवागढ़ जनपद सीईओ, सुमित देवांगन नायब तहसीलदार, टीआर चौहान सीएमओ, एलएन बांधे बीईओ, उप अभियंता संजय मोटवानी सहित जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक-शिक्षिका, समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित उड़ान अकेडमी के तहत प्रशिक्षणरत छात्र व छात्रा उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय परिसर में योगाभ्यास




**बेमेतरा।** जिला न्यायालय प्रांगण में प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा योग दिवस के अवसर पर उपस्थित न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण को यह संदेश दिया गया कि योग, मन और तन को सेहतमंद रखने में पूरी तरह सहायक होता है, योग हमारी शारीरिक और आंतरिक रूप से दृढ़ करता है, खामियां दूर करने का रास्ता तलाशता है।

योग का मतलब है जोड़ना, खुद में ऊर्जा को समाहित करना, शरीर मन और आत्मा को खूबसूरत बनाना। यदि शरीर व मन स्वस्थ नहीं है, तो मनुष्य को किसी भी लक्ष्य तक पहुंचाना असंभव है। योग वह प्रकाश है जो एक बार जला दिया जाये तो कभी कम नहीं होता। जितना अच्छा आप प्रयास करेंगे लौ उतना ही उज्जवल होगी। योग आराम और शांत महसूस करने का एक अच्छा तरीका है। इस अवसर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योग टीचर चन्द्रशेखर साहू द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण में उपस्थित हुए। साथ ही योग दिवस के अवसर पर जिला उप जेल बेमेतरा में गुलापन राम यादव व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं मोहम्मद जहाँगीर तिगाला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी योग कर जेल बंदियों को योग के लाभ एवं महत्व के बारे में बताया गया। उक्त अवसर पर वृद्धाश्रम बेमेतरा में निधि शर्मा सचिव, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा एवं अनिता कोशिमा रावटे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी द्वारा विभिन्न प्रकार के योग कर योग के लाभ एवं महत्व की जानकारी वृद्धाश्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया।

## लालपुर स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर के समस्त छात्र- छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने योग से परिचय, योग से लाभ को बताते कहा कि योग को हम अपने जीवन में उतारे। योग को आत्मसात करें जिससे मन की व्यवहार को जोड़ने के चरण को बताया। प्रधानपाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने योग पर चर्चा करते हुए व्यक्ति के शरीर, मन,भावना और ऊर्जा के स्तर पर काम करता है कि बात रखी गई। संकुल समन्वयक सतीश कुर्रे ने कर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग, क्रियायोग, पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर प्रधान



शांति, तनाव से मुक्ति, शरीर की थकान, रोग मुक्त शरीर, वजन पर काबू कैसे कर सके, योग आसान कपालभांति, भ्रामरी, तितली आसान, भुजंगासान को करके बताया गया। शिक्षक मोतीराम पात्रे ने शारीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा, सांस लेने की तकनीक और पाठक रामायण मन्हरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे, शिक्षक मोतीराम पात्रे, घनश्याम साहू, शांत कुमार पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुखमणी बांधे,सहायिका कमलेश्वरी नवरंग सफाई कर्मचारी विश्वजीत चंदेल, हेमचंद बर्मन उपस्थित रहे।

### कन्या महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस




**बेमेतरा।** जिले में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर सहायक प्राध्यापक विवेक देवांगन द्वारा छात्राओं को अनुलोम विलोम, कपालभांति, वज्रासन, ताड़ासन आदि योग कराया गया। इसके साथ ही साथ योग से होने वाले लाभ को भी बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनिता गौतम, सहायक प्राध्यापक सरस्वती चौहान, शुभम जैन सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं मनीषा वर्मा, चांदनी साहू, अलका साहू सहित आदि छात्रगण उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनिता गौतम ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपने जीवनशैली में शामिल करना चाहिए, जिससे वे स्वास्थ्य रहे। साथ ही साथ यह भी कहा योगः कर्मेषु कौशलम अर्थात हमारी कार्यों की कुशलता ही योग है।




## व्यवहार न्यायालय परिसर साजा में मना योग दिवस



**साजा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, बृजेन्द्र कुमार शास्त्री व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, सचिव, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, निधि शर्मा के निर्देशन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति साजा विवेक केरकेट्टा के मार्गदर्शन पर व्यवहार न्यायालय परिसर साजा में योग कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा प्रातः कालीन योग की शिक्षा दी गई जिसमें यह संदेश दिया गया कि योग जीवन जीने की एक मूल कला है। नियमित योग से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। योग पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है व आत्मविश्वास को बढ़ाता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति साजा एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वांलेंटियर्स उपस्थित रहे।

